सहारा हो तो ऐसा हो

तेरा दर मिल गया मुझको सहारा हो तो ऐसा हो ।
तेरी किरपा से चलता है गुज़ारा हो तो ऐसा हो ॥

ज़माने में नहीं देखी, कोई सरकार इन जैसी ।
हमें ये नाज़ है मालिक, हमारा हो तो ऐसा हो ॥

ये हर दिल की तमन्ना है, तेरी चौखट पे दम निकले ।
रहे तू सामने मेरे, नज़ारा हो तो ऐसा हो ॥

किसी ने नौकरी माँगी, किसी ने चाकरी माँगी ।
मेरा तो बाप ही तू है, सितारा हो तो ऐसा हो ॥

गया ना लौटकर ख़ाली, जो आया माँगने तुमसे ।
दिया औक़ात से ज़्यादा, द्वारा हो तो ऐसा हो ॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31381/title/sahara-ho-to-aisa-ho

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |